<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>रचनात्मकता का उत्सव : ड्राइंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता</u>

विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता एवं फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता 'ब्लूमिंग इमेजिनेशन' थीम पर आयोजित थी। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 12 तक के 158 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने 'माई ग्रीन प्लैनेट', 'इन्क्रेडिबल इंडिया' और 'नेशनल गेम्स' जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन पीएचडी शोधार्थियों द्वारा किया गया। इस आयोजन में बच्चों ने अपनी कल्पना को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया और उत्कृष्ट कलाकृतियों की प्रस्तुति दी। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता 'नवरस' थीम पर आधारित थी, जिसमें 82 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डा. नीतू डोभाल एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय की डा. रीतिका भट्ट शामिल रहीं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विविध रंगों और अभिव्यक्तियों के माध्यम से अपने कौशल का परिचय दिया।

यह आयोजन अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल एवं विभागाध्यक्ष डा. अदिति वत्स के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी श्री टी.ए. खस्तगीर, डा. दिव्या सिंह और डा. संध्या रानी रहे, जिनके निर्देशन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूरे आयोजन का प्रबंधन और संचालन स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम (एस.आर.पी.) के तहत संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया। दोनों आयोजनों में छात्रों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया, जिससे उनके सृजनात्मक विकास को बल मिला। आयोजकों ने विजेताओं को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए संपूर्ण विभाग एवं आयोजक टीम की सराहना की गई।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

निदेशक संचार